# स्पा सेंटरों में पकड़े गए 16 युवक-युवती

## नेचरल हाई और आवां स्पा सेंटर में पुलिस की कार्रवाई, आपत्तिजनक सामग्री बरामद



**कटनी, देशबन्धु।** शहर में संचालित स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों के मद्देनजर कटनी पुलिस ने रविवार शाम दो स्पा सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस की टीम ने नेचरल हाई स्पा सेंटर और आवां स्पा सेंटर में दबिश देकर कुल 16 युवक-युवतियों को पूछताछ के लिए थाने लाया।

कार्रवाई के दौरान दोनों सेंटरों से आपत्तिजनक सामग्री, कुछ टैबलेट और शराब की बोतलें भी मिलने की जानकारी पुलिस ने दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के स्पा सेंटरों में चल रही कथित अनैतिक गतिविधियों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में अजाक थाना डीएसपी शिवा पाठक, महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर सहित पुलिस बल को शामिल किया गया था। पुलिस के अनुसार टीम ने रविवार शाम सबसे पहले नेचरल हाई स्पा सेंटर में कार्रवाई की, जहां पांच युवक और पांच युवतियां मिलीं। इसके बाद आवां स्पा सेंटर में दबिश दी गई, जहां पांच युवतियों के साथ एक पुरुष मिला। पुलिस ने दोनों स्थानों से मिली सामग्री को जांच के दायरे में लिया है। पुलिस के मुताबिक स्पा सेंटर में काम करने वाली युवतियों में मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों की युवतियां भी शामिल हैं। सभी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में स्पा सेंटर संचालकों और मालिकों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और नियमों के आधार पर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में अब तक 820 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी, देशबन्धु।** जिले में 1 जून से 20 सितंबर तक 820.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 1060.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1424.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1066.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 761.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 999.0 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 585.1 मिलीमीटर, बरही तहसील में 658.0 मिली मीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 833.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 760.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1066.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 892.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### मेरे सपनों का भारत थीम पर 53 विद्यार्थियों ने दिखाई कल्पना शक्ति, महापौर ने बढ़ाया उत्साह

# मासूम कल्पनाओं से जीवंत हो गए चित्र



**कटनी, देशबन्धु।** नगर निगम कटनी द्वारा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में साधुराम स्कूल परिसर में तीनों निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेवा से संकल्प अभियान के तहत आयोजित मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में नगर निगम के तीनों विद्यालयों के 53 विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान संचालनालय से पधारे अधिकारी ओ.पी. झा, सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित तीनों विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

#### 53 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता में साधुराम स्कूल के 15, केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला के 20 तथा ए. रविंद्र राव स्कूल के 18 विद्यार्थियों सहित कुल 53 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। निर्धारित थीम पर चित्र बनाते समय विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और कल्पना शक्ति देखते ही बनती थी।

#### निकिता बर्मन प्रथम, प्रांशु द्वितीय

प्रतियोगिता में केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला की निकिता बर्मन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साधुराम स्कूल के प्रांशु द्वितीय तथा ए. रविंद्रराव स्कूल के दीपू चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। साधुराम स्कूल के अमित सिंह एवं ए. रविंद्र राव स्कूल की आँचल चौधरी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### उमरियापान नायब तहसीलदार कार्यालय भवन बदहाल, जर्जर मार्ग और अव्यवस्थाओं से बढ़ी परेशानी




**उमरियापान, देशबन्धु।** कृषि उपमंडी के समीप लगभग डेढ़ दशक पूर्व निर्मित नायब तहसीलदार कार्यालय उमरियापान का भवन इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। भवन की जर्जर स्थिति मुख्य प्रवेश द्वार से ही स्पष्ट दिखाई देने लगती है। भवन की दीवारों का प्लास्टर कई स्थानों से उखड़ चुका है, जिससे सीमेंट के थिगड़े साफ नजर आते हैं। वहीं सीपेज की समस्या के कारण भवन की दीवारों में नमी बढ़ गई है और नियमित रंगरोगन नहीं होने से जगह-जगह काई जम गई है। कार्यालय परिसर में भी अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिल रहा है। परिसर में गाजर घास और अन्य खरपतवार फैलने से साफ-सफाई प्रभावित हो रही है तथा जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार भवन की यह स्थिति कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इसके सुधार और रखरखाव की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।भवन की खराब हालत के बीच विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी इसी परिसर में कार्य करने को विवश हैं। वहीं कार्यालय तक पहुंचने वाला मार्ग भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बारिश के मौसम में सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनने से राजस्व संबंधी कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नायब तहसीलदार कार्यालय भवन की मरम्मत, रंगरोगन, परिसर की साफ-सफाई एवं कार्यालय तक पहुंचने वाले मार्ग के शीघ्र सुधार की मांग की है, ताकि कर्मचारियों और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### बाकल में गणेशोत्सव की धूम, जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता, भक्तिमय हुआ वातावरण



**बाकल, देशबन्धु।** सिद्धिविनायक भगवान गणेश के गणेशोत्सव को लेकर समूचे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति की धूम है। नगर में जगह-जगह युवा मंडलों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। गणेश पंडालों में प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति बस स्टेन्ड पटैल बार्ड वीरांगना रानी अवंतीवाई तिराहा मे विराजे गणपति पिपरिया तिराहा पर विराजे भगवान गणेश सोनकर वार्ड नामदेव बार्ड दिशाई माता परिसर मे विराजे भगवान श्रीगणेश की मनोज्ञ प्रतिमाये सहित विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं विराजित हैं। इन पंडालों में सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के साथ दिनभर धार्मिक गतिविधियां चल रही हैं। युवा मंडलों द्वारा अखंड रामायण, रामायण मंडल के भजन-कीर्तन, देवी गीत, प्रात:कालीन पूजन तथा संध्याकालीन आरती का आयोजन किया जा रहा है। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है। शाम होते ही गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और भक्ति गीतों व 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। गणेशोत्सव के चलते नगर के विभिन्न मार्गों और पंडालों मेंआकर्षक सजावट की गई है। भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंचकर विघ्नहर्ता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे है।

# थैले से निकला नशीली दवा का जखीरा



**माधवनगर पुलिस ने पकड़े तीनों आरोपी, हजारों का माल जब्त**

**कटनी, देशबन्धु।** नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माधवनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3000 नशीली नाइट्राजेपाम गोलियां जब्त की हैं। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। जब्त नशीली गोलियों की कीमत करीब 13,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 19-20 सितंबर की दरमियानी रात माधवनगर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं निगरानी कर रही थी। इसी दौरान सुरम्य पार्क के आगे अमकुही पहाड़ी इंडस्ट्रियल एरिया रोड पर काले रंग की पल्सर पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की। उनकी पहचान सचिन बर्मन (22), निवासी हिरवारा, थाना एनकेजे तथा रितिक केवट (21), निवासी बिरहनी फाटक, थाना कोतवाली के रूप में हुई। मोटरसाइकिल पर रखे थैले की तलाशी लेने पर नाइट्रोजेपाम 10 पैकेट मिले। प्रत्येक पैकेट में 6 पत्ते, प्रत्येक पत्ते में 5 स्ट्रिप और प्रत्येक स्ट्रिप में 10 गोलियां थीं। इस तरह कुल 3000 नशीली गोलियां बरामद हुईं। दवाओं के संबंध में आरोपियों से वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में सचिन बर्मन ने पुलिस को बताया कि उक्त नशीली गोलियां रोहित रावलानी निवासी बंगला लाइन द्वारा उपलब्ध कराई गई थीं। पुलिस ने प्रकरण में रोहित नानकानी को भी गिरफतार किया है, जबकि रोहित रावलानी निवासी माधवनगर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 5/13 मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गिरफतार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड (पीआर) लिया जा रहा है।

# जमुनिया के जंगल में फंदा लगाकर मारते थे सुअर

## वन विभाग की टीम ने पकड़े चार शिकारी, फंदा और हथियार जब्त



**कटनी, देशबन्धु।** जिले के ढीमरखेड़ा वन क्षेत्र के जमुनिया जंगल में जंगली सूअर के शिकार के मामले में वन विभाग ने चार लोगों को पकड़ा है। टीम ने आरोपियों के पास से जंगली सूअर का ताजा मांस, दो बका, कुल्हाड़ी और लोहे के फंदे समेत शिकार में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया। वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को कटनी न्यायालय में पेश किया। वन अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में अवैध शिकार और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि जमुनिया गांव के पास जंगल में कुछ लोग जंगली सूअर का शिकार कर मांस बांटने की तैयारी में हैं। इसके बाद रेंजर सचिन नामदेव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। वन टीम ने मौके से चार संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास जंगली सूअर का ताजा कटा हुआ मांस और शिकार में इस्तेमाल होने वाला सामान मिला। रेंजर सचिन नामदेव के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान बहोरीबंद निवासी शक्ति कोल, गुलाब कोल, मनीष कोल और राजेंद्र कोल के रूप में हुई है। वन विभाग ने आरोपियों के पास से दो बका, एक कुल्हाड़ी, वन्यप्राणियों को फंसाने वाले क्लच वायर के दो फंदे, एक किलो जीआई तार और जंगली सूअर का ताजा मांस जब्त किया है। वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। विभागीय कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को कटनी न्यायालय में पेश किया गया।

### जिले को मिली 600 मीट्रिक टन यूरिया और 440 मीट्रिक टन डीएपी

**कटनी, देशबन्धु।** उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से जिले को 600 मीट्रिक टन यूरिया और और 440 मीट्रिक टन डीएपी मिली है। जिला विपणन अधिकारी श्री आनंद नारायण पाण?डेय ने बताया कि बहोरीबंद और बरही डबल लॉक केन्द्र को 90-90 मीट्रिक टन यूरिया और स?लीमनाबाद डबल लॉक केन-?द को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गयी है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 150 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। वहीं सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमएस स?लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है।

# जुलूस मार्ग से लेकर कृत्रिम विसर्जन कुंडों तक रहेंगी समुचित व्यवस्थाएं

## गणेश प्रतिमा विसर्जन पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर निगमायुक्त ने जारी किया आदेश



**कटनी, देशबन्धु।** गणेश चतुर्थी एवं अनंत चतुर्दशी पर्व के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन ने गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं चल समारोह को लेकर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी है। 25 सितंबर को होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन पर्व को लेकर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागवार दायित्व सौंपते हुए जुलूस मार्ग से लेकर विसर्जन स्थलों तक समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व वर्षों की तरह गणेश चौक, मढ़ई मंदिर, हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक एवं आजाद चौक होकर विसर्जन स्थलों तक जाने वाले मार्गों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। मार्गों पर आवश्यकतानुसार सड़क मरम्मत एवं पेचवर्क, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा सफाई की जाएगी, ताकि चल समारोह के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन मिल सके।

#### कृत्रिम कुंडों में विसर्जन की व्यवस्था

पारंपरिक विसर्जन स्थलों पर कृत्रिम जलकुंड तैयार किए जाएंगे। कुंडों में शुद्ध जल, तिरपाल एवं बैरिकेडिंग, बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आवश्यकता अनुसार वाहन की व्यवस्था के साथ ड्यूटी स्टाफ के लिए वाटर प्रूफ पंडाल एवं कुर्सियां उपलब्ध कराई जाएंगी। मसुरहा घाट में संबंधित भूमि स्वामी से सहमति प्राप्त कर कृत्रिम कुंड का निर्माण कराने के निर्देश दिए गए है।

#### जुलूस मार्ग और घाटों पर सफाई मित्रों की तैनाती

विसर्जन पर्व को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए जुलूस मार्ग तथा विसर्जन स्थलों की विशेष सफाई कराई जाएगी। स्थलों पर रेखांकन के साथ पर्याप्त संख्या में सफाई मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है। वही आवारा पशुओं की रोकथाम के साथ ही गणेश समितियों एवं आयोजकों को अमानक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के स्थान पर कागज एवं पत्तों से निर्मित पत्तल, दोना, गिलास एवं कटोरी जैसी पर्यावरण अनुकूल सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रतिमा विसर्जन के बाद कुंडों की सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है, ताकि पर्व के बाद भी स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।

#### प्रकाश, पेयजल और सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे मुस्तैद

विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पानी, पेयजल एवं पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के साथ कृत्रिम एवं चलित कुंडों के लिए आवश्यक तिरपाल, बैनर एवं फ्लैक्स की व्यवस्था की जाएगी। जुलूस मार्ग, प्रमुख स्थलों एवं कुंडों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए जनरेटर एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जबकि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस कंट्रोल रूम में अग्निशमन वाहन की व्यवस्था तथा विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड, तैराक एवं गोताखोरों की उपलब्धता के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए है।

# नम आंखों से दी बाबू जी को अंतिम विदाई, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## उद्योगपति एवं नीलकंठेश्वर धाम के समर्पित सेवक मदनलाल ग्रोवर जी को हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**कटनी, देशबन्धु।** उद्योगपति एवं धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले मदनलाल ग्रोवर जी (बाबू जी), रंजन (बाबू) ग्रोवर के पूज्य पिताजी की अंतिम यात्रा रविवार को उनके सिविल लाइन स्थित निज निवास से निकली। अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हजारों की संख्या में नागरिक, श्रद्धालु, विभिन्न समुदायों के लोग, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उमड़ पड़े। नम आंखों और भावुक वातावरण के बीच लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबू जी को अंतिम विदाई दी।

#### धर्म, सेवा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहा जीवन

स्वर्गीय मदनलाल ग्रोवर जी का जीवन धर्म, शिवभक्ति, सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहा। नीलकंठेश्वर धाम के प्रति उनकी गहरी आस्था और समर्पण के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से उनका आत्मीय जुड़ाव रहा। सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी बाबूजी ने अपने व्यवहार और सेवाभाव से लोगों के बीच विशेष स्थान बनाया। उनके निधन से संपूर्ण कटनी जिले में शोक की लहर है। परिवारजनों, रिश्तेदारों, इष्ट-मित्रों, श्रद्धालुओं, सामाजिकजनों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### खदान एवं भट्टा के हजारों कर्मचारियों ने भी पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

मदनलाल ग्रोवर जी के खदान एवं भट्टा से जुड़े हजारों महिला एवं पुरुष कर्मचारी भी अपने मालिक को अंतिम विदाई देने के लिए कटनी पहुंचे। कर्मचारियों ने नम आंखों से बाबू जी को अंतिम नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति उनके और कर्मचारियों के बीच रहे आत्मीय संबंधों की भावुक तस्वीर प्रस्तुत कर रही थी।

#### विभिन्न समुदायों और सामाजिक संस्थाओं ने किया अंतिम नमन

अंतिम यात्रा में विभिन्न समुदायों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों तथा गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सभी ने पुष्प अर्पित कर बाबू जी की धार्मिक आस्था, सेवाभाव एवं सामाजिक योगदान को नमन किया।

#### सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

अंतिम यात्रा में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह,नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, यश पाठक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रंजन (बाबू) ग्रोवर एवं समस्त ग्रोवर परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। संजय सत्येंद्र पाठक और संदीप जायसवाल के विधायक पद की पुष्टि मध्यप्रदेश विधानसभा के अभिलेख में होती है।

#### स्नेह, संस्कार और सेवा की अमिट विरासत छोड़ गए बाबूजी

बाबू जी का निधन परिवार के साथ-साथ उन सभी लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है, जिनसे उनका आत्मीय जुड़ाव रहा। उनका स्नेह, सरलता, धार्मिक आस्था, सेवाभाव और मिलनसार व्यक्तित्व लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगा। पुत्र रंजन (बाबू) ग्रोवर सहित समस्त ग्रोवर परिवार ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

#### महादेव के श्रीचरणों में स्थान की प्रार्थना

अंतिम विदाई के अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान नीलकंठ महादेव से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा मदनलाल ग्रोवर जी को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।